(iv) Improvement in utilisation of equipment and economy in the use of stores.

However the main reason for the losses suffered by the Coal India is the unremunerative price of coal.

राजस्थान को डीजल का आवंटन

280. **श्री वृद्धिचन्द्र जैन** : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान को जनवरी से अक्तूबर, 1980 के महीनों के दौरान, डीजल की कितनी मात्रा दी गई है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों मे इन्हीं महीनों के दौरान राजस्थान को डीजल की कितनी मात्रा दी गई है ;

(ग) केन्द्र द्वारा राज्यों को डीजल दिए जाने के लिए क्या मापदंड अपनाया गया है ; और

(घ) क्या यह सच है कि सूखे से ग्रस्त राज्यों में रबी की फसल को बढ़ाने के लिए डीजल का कोटा बढ़ा दिया गया है ; यदि हां, तो कैसे और राजस्थान के लिए डीजल का कोटा किस हद तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है ; जहां इस वर्ष सबसे अधिक सूखा पड़ा है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) राजस्थान को जनवरी से अक्तूबर, 1980 के महीनों में आवंटित की गई हाई स्पीड डीजल (एच० एस० डी०) आयल की मात्राओं के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

माह	आंकड़े मीट्रिक टनों में
माह	आवंटन
जनवरी, 80 . .	32300
फरवरी, 80 . .	36770
मार्च, 80 . .	40000
अप्रेल, 80 . .	39000
मई, 80 . .	39000
जून, 80 . .	42000
जुलाई, 80 . .	42000
अगस्त, 80 . .	36800
सितम्बर, 80 . .	44100
अक्टूबर, 80 . .	39853

(ख) राज्य सरकारों और संघ शासित प्रदेशों में एच. एस. डी. की मासिक आवटन की प्रणाली केवल अक्तूबर, 1979 से आरम्भ की गई थी। राजस्थान के लिए अक्तूबर, 1979 के लिए 41377 मीट्रिक टन का एच. एस. डी. का आवंटन था ।

(ग) एच० एस० डी० का आवंटन करते समय विभिन्न तथ्यों जैसे उत्पादन की कुल उपलब्धता उसकी पिछली बिक्री और परिवहन क्षमता को ध्यान में लिया जाता है।

(घ) जी, हां । राजस्थान के एच० एस० डी० के अक्तूबर, 80 माह के मूल आवंटन को 1653 मीट्रिक टन और बढ़ा दिया गया था ।